>

Title: Need to restore the routes of Doon Express and Ganga-Satluj Express in Ambedkarnagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): हाल ही में भारतीय रेल ने मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर की प्रमुख ट्रेनों के रूट को डाइवर्ट कर दिया है और ये ट्रेनें अब जिला मुख्यालय अकरबरपुर में नहीं रूकती है; इनमें निम्न ट्रेन शामिल हैं ।

हावड़ा से देहरादून जाने वाली दून एक्सप्रेस

फ़िरोज़पुर से धनबाद जाने वाली गंगा सतलज एक्सप्रेस

इन ट्रेनों का जिले में स्टापेज खत्म होने से अम्बेडकरनगर के मजदूर, विद्यार्थी और आम जनता इस यातायात के महत्वपूर्ण साधन के निलंबित होने से भारी संकट में आ गए हैं। लोगों में आक्रोश है और सबका यह मानना है कि यदि इन ट्रेनों का पुन: स्टापेज अकरबरपुर, मालीपुर जंक्शन पर नहीं होता है तो यह पूर्वांचल की जनता के साथ सरासर अन्याय है ।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ की आस-पास के सभी क्षेत्रों से जुड़े प्रवासी श्रमिकों और छात्रों की सुविधा के लिए इन दो रेल गाड़ियों का रूट वाया अम्बेडकरनगर से दिया जाए और अकरबरपुर, मालीपुर जंक्शन पर इन ट्रेनों का पुन: स्टापेज तुरंत दिया जाए ।